गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की आपात बैठक दिनांक 02.05.2022 का कार्यविवरण

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की आपात बैठक दिनांक 02.05.2022 को सायं 04:00 बजे प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में संपन्न हुई, बैठक के प्रारंभ में कुलसचिव जी ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् कुलपति महोदय की अनुमति से बैठक प्रारम्भ हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :–

1.	प्रो0 आलोक चक्रवाल, कुलपति	अध्यक्ष
2.	प्रो0 प्रवीण कुमार मिश्रा	सदस्य
3.	प्रो0 एस.एस. सिंह	सदस्य
4.	प्रो0 मनीष कुमार श्रीवास्तव	सदस्य
5.	प्रो0 एल.व्ही.के.एस. भास्कर	सदस्य
6.	प्रो0 बी.एन. तिवारी	सदस्य
7.	प्रो0 व्ही.एस. राठौर	सदस्य
8.	प्रो0 डी.एन. सिंह	सदस्य
9.	प्रो0 टी.व्ही. अर्जुनन	सदस्य
10.	प्रो0 ए.एस. रणदिवे	सदस्य
11.	प्रो0 अशोक कुमार मिश्रा	सदस्य
12.	प्रो0 एम.के. सिंह	सदस्य
13.	डॉ0 आर.के. चौबे	सदस्य
14.	डॉ0 एस.के. प्रजापति	सदस्य
15.	डॉ0 बी.आर. रावटे	सदस्य
16.	प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, कुलसचिव (कार्यवाहक)	सचिव

निम्नानुसार सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सके :–

1. प्रो0 पी.के. बाजपेयी

निम्नलिखित विषयों पर चर्चा उपरांत निम्नानुसार निर्णय लिये गये :–

विषय क्र. 01 महिमा गुरू चेयर प्रोफेसर पद पर नियुक्ति हेतु पद के चिन्हान्कन संबंधी।

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि भौतिकी विभाग के एक प्रोफेसर (यूआर) का पद हिन्दी विभाग में स्थानांतरित किया जाय तथा स्थानांतरित पद का तथा पद हेतु प्राप्त मद का उपयोग महिला गुरू चेयर प्रोफेसर के लिये किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि महिमा गुरू चेयर प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी किया जाय।

स्थायी समिति ने यह और भी निर्णय लिया कि महिमा गुरू चेयर प्रोफेसर हेतु पृथक से पद स्वीकृत करने हेतु प्रस्ताव विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को प्रेषित किया जाय तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से पद की स्वीकृति प्राप्त हो जाने पर भौतिकी विभाग का पद भौतिकी विभाग को लौटा दिया जाय।

स्थायी समिति ने यह और भी निर्णय लिया कि भौतिकी विभाग के पद स्थानान्तरण से प्रभावित होने वाले आवेदकों को यथोचित जानकारी प्रदान करते हुए विश्वविद्यालय कोष में जमा आवेदन शुल्क लौटाये जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही सम्पादित की जाय।

02/05/22 02/05/2022

महिमा गुरू चेयर के प्रोफेसर की नियुक्ति होने तक, महिमा गुरू चेयर के गतिविधियों को तत्काल प्रभाव से प्रारम्भ करने हेतु हिन्दी विभाग के आचार्य, प्रो0 डी.एन. सिंह को महिमा गुरू चेयर प्रोफेसर नामित किया जाय।

विषय क्र. 02 **अध्ययन मण्डल राजनीति विज्ञान विभाग की बैठक दिनांक 10.03.2022 के अनुशंसाओं पर विचार करना।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि राजनीति विज्ञान विभाग के अध्ययन मण्डल की बैठक दिनांक 10.03.2022 के कार्यवृत्त एवं प्रस्तावित पाठ्यक्रमों का अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष प्रस्तावित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना प्रभावी अध्यादेश के अनुरूप होना सुनिश्चित करेंगे।

विषय क्र. 03 **सत्र 2018–19 से प्रवेशित बी.फार्म प्रथम, द्वितीय एवं सप्तम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम संशोधन उपरान्त सभी छात्रों के सभी सेमेस्टरों के संशोधित अंकसूची मुद्रण किये जाने के संबंध में विचार करने संबंधी।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि विद्यार्थियों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि प्रस्तुत प्रकरण की सम्यक जांच एवं तथ्यों को सामने लाने के लिए तथ्यात्मक जांच समिति का गठन किया जाय। उक्त समिति गठित किये जाने एवं समिति के सदस्य नामित किये जाने हेतु कुलपति महोदय स्थायी समिति की ओर से अधिकृत रहेंगे।

विषय क्र. 04 **मुख्य उत्तर पुस्तिका खड़ी में तैयार/मुद्रण कराये जाने के लिये गठित समिति की बैठक के कार्यवृत्त पर विचार करने संबंधी।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि बैठक के दौरान सुझाये गये संशोधनों के साथ प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि उत्तर पुस्तिकाओं में मुख पृष्ठ सहित कुल 32 पृष्ठ होंगे।

अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण

अ.अ.वि.क्र.1 विद्यापरिषद की स्थायी समिति के समक्ष शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्तावित चार वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

उपस्थित सदस्यों एवं अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक संपन्न हुई।

02/05/2022 — 02/05/2022

कुलसचिव (कार्यवाहक)/सचिव **कुलपति/अध्यक्ष**